एक्सप्रेस न्यूज

दिन दहाडे मोटरसाइकिल चोरी

पिपलियामंडी। नगर में दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खेडीमपुरा (मनासा) मुकाम खात्याखेड़ी निवासी कमल मेघवाल (39) ने थाना पिपलियामंडी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पिपलियामण्डी में शिव मंदिर के पास किराना दुकान पर कार्य करता है। सुबह करीब 9:30 बजे उसने अपनी काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (क्रमांक MP-44- MG-6467) महेश्वरी एजेंसी के सामने स्थित शिव मंदिर गली में खड़ी की थी और काम पर चला गया। शाम करीब 6:30 बजे जब वह वापस अपनी मोटरसाइकिल लेने पहुंचा तो वाहन वहां नहीं मिला। काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज किया।

श्री राधा-कृष्ण ग्रुप आज करेगा 7001 मालपुओं का वितरण

मंदसौर। पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष में जीवागंज स्थित श्री गोवर्धन नाथ मंदिर एवं श्री जगदीश मंदिर में सांयकाल दर्शन के समय श्रद्धालुओं को पूरे माह जलसेवा करने वाले श्री राधाकृष्ण ग्रुप द्वारा आज अधिकमास के समापन अवसर पर 7001 मालपुएं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्री राधाकृष्ण ग्रुप के विश्वमोहन अग्रवाल ने बताया कि पूरे माह जलसेवा के साथ विभिन्न प्रसादी वितरण के आयोजन किये गये अब आज अधिकमास के अवसर पर 7001 मालपुएं की प्रसादी का वितरण किया जायेगा। ग्रुप ने नगर की धर्मप्रेमी जनता ने अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने का निवेदन किया है।

मोहर्रम को लेकर गरोठ में शांति समिति की बैठक आयोजित

गरोठ। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सोमवार शाम स्थानीय पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी विजय कुमार यादव, थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव, नायब तहसीलदार रघुनाथ मचार एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष महेश मालवीय उपस्थित रहे। एसडीओपी यादव ने कहा कि मोहर्रम पर्व परंपरागत रूप से आपसी भाईचारे और कौमी एकता के साथ मनाया जाएगा तथा किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। बैठक में 25 से 27 जून तक होने वाले कार्यक्रमों, ताजिया रूट, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और बिजली आपूर्ति को लेकर चर्चा कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

नशे में पत्नी व भाई से मारपीट

पिपलियामंडी। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में शराब के नशे में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवीलाल सुर्यवंशी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने शराब पीकर घर पहुंचने के बाद पत्नी कारीबाई सुर्यवंशी से विवाद किया और लकड़ी से मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे बड़े भाई गणेशराम के साथ भी उसने मारपीट की। घटना में दोनों घायल हो गए। पीड़िता ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद, दर्ज किया क्रॉस केस

पिपलियामंडी। ग्राम झारड़ा में सोमवार रात्रि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार झारड़ा निवासी मनीष जैन का पताशे का ठेला लगाने वाले काशी मीणा के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान काशी मीणा के सिर में चोट आई। जबकि मनीष जैन के हाथ में चाकू लगने से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों का उपचार कराया गया। नारायणगढ़ थाना प्रभारी राजेन्द्र पंवार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक जख्मी, मामला दर्ज

पिपलियामंडी। नापाखेड़ा-टकरावद मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक रतनलाल बागरी घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना में रतनलाल के हाथ, पैर और कंधे पर चोटें आई हैं। मौके पर कार की टूटी नंबर प्लेट मिलने के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवक कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर किया प्रदर्शन

मीनाक्षी के समर्थन में कांग्रेस का हल्लाबोल भाजपा कार्यालय कूच पर पुलिस से टकराव

● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में सोमवार को मंदसौर में युवक कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े, जहां पहले से तैनात पुलिस बल ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने का प्रयास किया। जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक की स्थिति बन गई। कई कार्यकर्ता बैरिकेड्स तक पहुंच गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने पहले समझाइश दी, लेकिन प्रदर्शन जारी रहने पर फायर ब्रिगेड के माध्यम से पानी की बौछार कर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और विरोध जारी रखा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को मामूली चोटें आईं। प्रदर्शन के दौरान सम्यक जैन के घायल होने की जानकारी भी सामने आई है। मौके पर कई थानों का पुलिस बल तैनात रहा और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद पुलिस ने कांग्रेस के 13 नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

आवश्यक कार्रवाई की गई है

सीएसपी जितेन्द्र भास्कर ने बताया कि बिना अनुमति के भाजपा कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम किया जा रहा था। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं माने तो पानी की बोछार की गई है। हिरासत में लेकर कुछ लोगो पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने जा रहे थे, लेकिन उन्हें बलपूर्वक रोका गया। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को कई बार समझाने के बावजूद वे निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे थे, जिसके चलते भीड़ नियंत्रण के उपाय अपनाने पड़े।

शिविर में उमड़े लोग 200 आवेदन आए, 8 को मिले लाड़ली लक्ष्मी पत्र

गरोठ। आमजन को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सोमवार को नगर परिषद् गरोठ द्वारा स्थानीय मिडिल स्कूल परिसर में सुबह 10:30 बजे जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी अपनी समस्याओं और योजनाओं के लाभ के लिए पहुँचे।शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पूजन कर किया गया। एक ही छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिससे नागरिकों को अपने काम के लिए भटकना नहीं पड़ा। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में 200 से अधिक आवेदन पंजीकृत किए गए। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही आवेदनों की आगे की प्रक्रिया शुरू की।कार्यक्रम के दौरान लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 8 चिन्हित लाभार्थी बालिकाओं को अतिथियों के हाथों स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद् के अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश शर्मा और पूर्व मण्डल अध्यक्ष उमराव सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र पूरी गोस्वामी, पार्षद एवं सभापति रेखा गोस्वामी, उपयंत्री राहुल गणावा व कई नागरिक उपस्थित थे।

भाजपा की मासिक बैठक के दौरान बनी आगामी अभियानों की रणनीति

● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

भाजपा जिला मंदसौर की मासिक कामकाजी बैठक सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा और जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की उपस्थिति में आयोजित हुई।आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कार्यकर्ताओं से शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आगामी अभियानों को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिले में मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर हुए संगठनात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

मंदसौर। श्री न्यायपति तोपवाले बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार 16 जून को नगर में विशाल शोभायात्रा (कलश यात्रा) निकाली जाएगी। यह यात्रा पुराने बस स्टैंड स्थित बड़े बालाजी मंदिर से सायं 4 बजे प्रारंभ होकर भारत माता चौराहा, कालिदास मार्ग, सदर बाजार, मंडीगेट एवं सराफा बाजार होते हुए श्री न्यायपति तोपवाले बालाजी मंदिर परिसर पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गेहलोत ने बताया कि शोभायात्रा में प्राण प्रतिष्ठा हेतु प्रतिष्ठापित होने वाली मां लक्ष्मी, भगवान कुबेर, शिव परिवार (स्फटिक शिवलिंग) एवं शनिदेव की आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी।

नगर परिषद भानपुरा ने किया 3 दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन

● भानपुरा / राज न्यूज नेटवर्क

नगर परिषद भानपुरा द्वारा शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय 15,16 जून से 18 जून तक के अंतर्गत जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नगर परिषद भानपुरा द्वारा जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन सोमवार 15 जून को किया गया।

आयोजित जनकल्याणकारी शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। नप भानपुरा द्वारा आयोजित जनकल्याण शिविर में नगर परिषद भानपुरा, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, आदि विभाग मौजूद थे। इस अवसर पर तहसीलदार विनोद शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्र मोहन गर्मे, प्रबंधक उद्योग केंद्र मंदसौर, पार्षद सुभाष बागड़ी, प्रवेश पिंटू पनिहार, संतोष पाटीदार आदि सहित गणमान्य नागरिक एवं आवेदन कर्ता उपस्थित थे।

18 तक जनकल्याण शिविरों के सभी आवेदनों को करें निराकृत : कलेक्टर

● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्टर अदिति गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण 18 जून तक किया जाए। उन्होंने शिविरों में नियमित उपस्थिति, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने तथा हितलाभ वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, एएनसी पंजीयन, कुपोषित बच्चों की पहचान, पोषण ट्रैकर में पंजीयन, एम्बुलेंस सेवाओं तथा संबल योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वर्षाकाल में जर्जर भवनों में स्कूल व आंगनबाड़ी संचालन नहीं करने तथा नदी एवं गांधीसागर क्षेत्र में नौकाओं की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांगों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी

● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए विशेष विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 23 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक समावेशन एवं विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों में विधिक जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना था।

सीतामऊ के ऐतिहासिक दरवाजों की पहचान गुम

● सीतामऊ / राज न्यूज नेटवर्क

नगर पंचायत द्वारा नगर के तीन प्रमुख चौराहा पर लाल भाटे से निर्मित गेट के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। गेट निर्माण व मरम्मत कार्य पूरा होने के बावजूद अब तक दरवाजों पर उनके ऐतिहासिक या पारंपरिक नामों का उल्लेख नहीं किया गया है। नगरवासियों का कहना है कि इन द्वारों का महत्व केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। मूल नाम और ऐतिहासिक स्वरूप को संरक्षित करना जरूरी है। वर्तमान में गेट अपने मूल स्वरूप में दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिससे नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। लोगों का मानना है कि समय रहते ध्यान दिया जाता तो गेटों का मूल स्वरूप

और ऐतिहासिक पहचान दोनों सुरक्षित रह सकती थी। इस संबंध में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी जीवन राय माथुर ने बताया कि तीनों प्रमुख चौराहे पर बने गेट पर जल्द ही नामकरण की पट्टीका लगाई जाएगी।

आयोजन कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

सभी विकासखंडों में किसान मेले आयोजित करें

● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए किसानों के हित में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर गर्ग ने सभी विकासखंडों में किसान मेले आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान मेलों के माध्यम से किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, शासकीय योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी प्रदान की जाए जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के भीतर एवं राज्य के बाहर जिन किसानों को पहले भ्रमण कराया जा चुका है, उन्हें पुनः भ्रमण कार्यक्रम में शामिल न किया जाए। इसके स्थान पर नए किसानों, युवा किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं नवीन फसलों की जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर गर्ग ने मत्स्य पालन एवं पशुपालन से जुड़े किसानों को भी प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रमों से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर सुझाव एवं समस्याओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय : रतलाम
शाखा कार्यालय : मंदसौर

वाहन ई-नीलामी सूचना

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी(यों), एवं जमानतदार(ओ) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों को बैंक ने पार्टियों के बीच हुए हाइपोथेकेशन/लोन एग्रीमेंट के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए नीचे बताए गए हाइपोथिकेटेड मोटर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया गया एवं कब्जा किए गए वाहन को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार /वाहन/कुल बकाया राशि/आरक्षित मूल्य /ई-नीलामी की तारीख और समय, धरोहर राशि और बोली बढ़ाने की राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

ऋणी/ जमानतदार/ का नाम एवं पता	चल संपत्ति (वाहन) का विवरण एवं उस पर ज्ञात भार (यदि कोई हो)	बकाया राशि	1. आरक्षित मूल्य 2. धरोहर राशि 3.बिड बढ़ाने की राशि	धरोहर राशि जमा करने हेतु खाते का विवरण, IFSC कोड (पांचवा अंक शून्य है) शाखा का नाम
ऋणी- श्री मुजफ्फर पुत्र मोहम्मद हुसैन वार्ड नं. 20, चूना भट्टा, दलोदा रेल, दलोदा मंदसौर	Mahindra & Mahindra Ltd. Thar LX, D-MT-2WD-4SHT2024 Model- 2024 RTO- MP09DJ9 924 Baanknet property ID BARB249420260001	₹ 12,47,055.60/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 8,40,000/- ₹ 84,000/- ₹ 5,000/-	A/c no. 24940015181869 IFSC Code:BARB0MANDSA (Fifth Character is ZERO) बैंक ऑफ बड़ौदा, मंदसौर शाखा

ई-नीलामी की दिनांक 28.07.2026 , ई-नीलामी का समय : दोपहर 2.00 बजे से 06.00 बजे तक
वाहन / चल संपत्तियों की निरीक्षण दिनांक एवं समय : 24.07.2026 सुबह 10.00 बजे सायं 5.00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://baanknet.com देखें। इच्छुक निविदाकर्ता श्रीमती ज्योति झा फोन : 9752410669 से सम्पर्क कर सकते हैं।
तारीख : 10.06.2026, स्थान: मंदसौर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा